उ0 प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड

upsidc

यूपीएसआईडीसी काम्लेक्स,
ए–1/4, लखनपुर,
पोस्ट बाक्स नं0 1050,
कानपुर–208 024
Phones : 2582851-53 (PBX
Fax : 0512-2580797
Website : www.upsidc.com
E.Mail : feedback@upsidc.

✓ ✓

सन्दर्भ सं0 /एसआईडीसी/आईए/एचओ/ दिनांक

–: कार्यालय आदेश:–

निगम के निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 24.12.10 को सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में आबंटन प्रक्रिया से सम्बन्धित एजेण्डा नोट पर चर्चा की तथा धीमी गति क्षेत्रों में यह निर्णय लिया गया कि एक बार विज्ञापन प्रकाशन कराने के उपरान्त चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक आबंटन प्रक्रिया को ओपेन एण्डेड रखा जाए। इसके अतिरिक्त तीव्र गति के क्षेत्रों में यदि क्षेत्रीय प्रबन्धक से सुविचारित स्पष्ट प्रस्ताव प्राप्त होता है तो सम्बधित क्षेत्र में भी उपरोक्तानुसार आबंटन खुला रखने के सम्बन्ध में निर्णय लेने हेतु प्रबन्ध निदेशक को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त निर्णय के अनुसार किये जाने वाले विपणन को पारदर्शी एवं व्यापक बनाये रखने के उद्देश्य से विपणन में निम्न प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा:–

1. जिन क्षेत्रों का आबंटन खुला रखा जाना है उनके सम्बन्ध में कम से कम एक विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा जिसमें भूखण्डों की उपलब्धता, आबंटन की प्रक्रिया आदि का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा।
2. विपणन की प्रक्रिया इस प्रकार से सम्पादित की जाएगी कि इसकी periodicity द्विमासीय हो अर्थात प्रत्येक दो माह के अन्त में उस दौरान प्राप्त हुये समस्त आवेदनों का निस्तारण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करते हुये उपलब्ध भूखण्डों की सूची Refresh करते हुये क्षेत्रीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड बेबसाईट, जीएम, डीआईसी कार्यालय मे display कर दिये जाएगें जिससे बचे भूखण्डों के सापेक्ष उद्यमी आवेदन कर सके।
3. भूखण्डों की उपलब्धता का व्यापक प्रसार किया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार विज्ञापन के माध्यम से भी उपलब्धता प्रचारित की जाएगी।

समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक उपरोक्त निर्णय को संज्ञान में लेते हुये अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में विपणन की कार्यवाही उपरोक्तानुसार व्यवस्थित करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेगें तथा प्रत्येक 2 माह के उपरान्त विपणन हेतु उपलब्ध/बचे भूखण्डों की सूची मुख्यालय प्रेषित की जाएगी।

(एस0 के0 वर्मा)
प्रबन्ध निदेशक

सन्दर्भ सं0 3331-34 /एसआईडीसी/आईए/एचओ/पालिसी– वाल्यूम–**XV** दिनांक 24-01-2011

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक/वैय0 सहायक सयुंक्त प्रबन्ध निदेशक , उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0 ,मुख्यालय, कानपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0 मुख्यालय, कानपुर।
3. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/क्षेत्र प्रबन्धक, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0
4. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, औ0 क्षे0 अनुभाग, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0 मुख्यालय, कानपुर।

तपेन्द्र प्रसाद
सयुंक्त प्रबन्ध निदेशक